भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 474**

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-543 की स्थिति

474. डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आमगांव से गोंदिया सड़क पर राष्ट्रीय राजमार्ग-543 की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) आमगांव से गोंदिया सड़क परियोजना की कुल स्वीकृत लंबाई कितनी है;

(ग) आमगांव से गोंदिया सड़क परियोजना के लिए निविदाएं जमा करने की समय-सीमा बढ़ाने का क्या कारण है;

(घ) हैडिटोली रेलवे क्रॉसिंग पर 690 मीटर लंबे रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) रारा-543 के आमगांव से गोंदिया खंड की लंबाई लगभग 20 किमी है और इस खंड को पेव्ड शोल्डर सहित दो-लेन/चार-लेन में उन्नयन करने का कार्य पूरा हो चुका है, केवल 6.148 किमी लंबाई के अतिरिक्त, जो भूमि अधिग्रहण और वन मंजूरी में देरी के कारण प्रभावित है।

(ग) इस 6.148 किलोमीटर लंबाई के छूटे हुए खंड के विकास में तेजी लाने के लिए भूमि अधिग्रहण और वन मंज़ूरी के शीघ्र पूरा होने की प्रत्याशा में निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। भूमि अधिग्रहण और वन मंज़ूरी में देरी के कारण निविदाओं की प्राप्ति की तिथि बढ़ा दी गई है।

(घ) हैडिटोली रेलवे क्रॉसिंग पर सड़क उपरि पुल (आरओबी) का निर्माण केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) योजना के तहत स्वीकृत किया गया था और अप्रैल, 2026 में पूरा होने की संशोधित निर्धारित तिथि के साथ कार्यान्वयन में है।

*****